प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक : 29.06.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :-

- जल गंगा संवर्धन अभियान का कल खंडवा में समापन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे वर्चुअली शामिल।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बालाघाट की सुमा उइके का किया उल्लेख।
- मुख्यमंत्री ने सूरत में निवेशकों के साथ किया संवाद, कहा-उद्योग को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है सरकार।
- खिवनी अभ्यारण्य में वन विभाग की कार्यवाही से प्रभावित लोगों ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मुख्यमंत्री से की भेंट।
- प्रदेश में सभी स्थानों पर बारिश। मौसम विभाग ने सीहोर, झाबुआ, धार, इंदौर में भारी बारिश का यलो अलर्ट किया जारी।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान का कल समापन हो रहा है इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल शामिल होंगे और कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। खंडवा में होने वाले इस वॉटरशेड सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1518 करोड़ रुपये से अधिक के जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। 3 माह से जारी 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन पर लगातार कार्य किया गया। कल सोमवार को अभियान के समापन कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जल संसाधन विभाग की 4 सिंचाई परियोजनाओं भाम राजगढ़ मध्यम सिंचाई परियोजना, बिहार सारोला बैराज, लाजैरा बैराज, हापला दीपला बैराज लघु सिंचाई परियोजना का लोकार्पण भी करेंगे। अभियान के दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाब, अमृत सरोवर और कूप रिचार्ज पिट बनाने वाले प्रदेश के टॉप 10 जिलों में खंडवा, बालाघाट, रायसेन, उज्जैन, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, राजगढ़, अशोकनगर, बैतूल और मंडला शामिल हैं।

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मंत्र भारत का नया भविष्य गढ़ने के लिए तैयार है। देश की महिलाएं न सिर्फ अपने को बल्कि पूरे समाज को नई दिशा दे रही हैं। श्री मोदी ने प्रदेश की सुमा उइके का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता हासिल की। प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की उस रिपोर्ट का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्राकोमा से मुक्त घोषित किया गया है। वहीं आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है।

श्री मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। श्री मोदी ने कैलास मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथ यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक-ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं।

पीएम-मन की बात-मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में बालाघाट जिले के कटंगी ब्लॉक की सूमा उइके का उल्लेख करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री का आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार, महिलाओं- युवाओं -गरीबों और किसानों के जीवन में बदलाव लाने और उन्हें आत्मनिर्भरता के मार्ग पर अग्रसर करने की दिशा में समर्पित भाव से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के विजयनगर लालघाटी क्षेत्र में रमेश विजयवर्गीय के निवास पर मन की बात कार्यक्रम को सभी के साथ सुना।

**मन की बात राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री की मन की बात ज्ञान की बातों का कार्यक्रम है। इसमें ज्ञान और संस्कार की बातें होती है। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात भोपाल में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ चर्चा में कहीं। राज्यपाल विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बच्चों के साथ सुनने के लिए पहुँचे थे।

**संवाद सत्र, सूरत-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार सभी उद्योग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आज सूरत में आयोजित मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर आयोजित संवाद सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कृषि विकास दर के समान औद्योगिक विकास दर को आगे बढ़ाने के लिए के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है।

**खिवनी अभ्यारण्य**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज खिवनी अभयारण्य में वन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से प्रभावित जनजातीय समुदाय के लोगों के साथ भेंट की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई चर्चा में केंद्रीय मंत्री के साथ खातेगांव इछावर क्षेत्र के लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवेदनशीलता से शिकायतों और पीड़ा को सुना। मुख्यमंत्री ने कार्रवाई पर खेद व्यक्त करते हुए, स्थिति का उचित समाधान निकालने, शिकायतों की जांच करवाने, दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्यवाही करने और क्षेत्र के लोगों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया।

**पुरी-भगदड़**

ओडिशा में पुरी के गुंडिचा मंदिर के पास आज सुबह हुई भगदड़ में दो महिलाओं सहित तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।  इस बीच, ओडिशा सरकार ने घटना के बाद पुरी के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को स्थानांतरित कर दिया है और घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

**तेलंगाना - अमित शाह**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज तेलंगाना के निजामाबाद में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के मुख्यालय का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निजामाबाद में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड को मंजूरी देकर हल्दी किसानों और लोगों के 40 साल पुराने सपने को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र हल्दी किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, उन्होंने कहा कि 2030 तक हल्दी का एक अरब डॉलर का निर्यात का लक्ष्य है।

**मौसम**

प्रदेश में सभी स्थानों पर बारिश जारी है। भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, धार, खंडवा, रतलाम में आज सुबह से तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कल सुबह तक के लिए सीहोर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शिवपुरी में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज बारिश हो सकती है। आज कटनी जिले में बारिश से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए गए 18 अमृत सरोवरों में पानी भर गया है। छिंदवाड़ा में भी सुबह से बारिश हो रही है।

**समाचार संक्षेप :-**

- जबलपुर में हेल्थ कॉन्क्लेव 2025- आयुष्मान भव:  कार्यक्रम में आज उप मुख्यमंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ल शामिल हुए।
- गुना कलेक्टर ने आज ग्राम पंचायत मुहाल कालोनी, बमोरी का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद कर साफ-सफाई और स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता का संदेश दिया।
- छिंदवाड़ा पीजी कॉलेज परिसर में  कल 127 महिला व पुरुष उम्मीदवारों को अग्निवीर मॉक टेस्ट प्रशिक्षण दिया गया।
- आज अशोकनगर से चंदेरी तक रेवा शक्ति अभियान अंतर्गत साईकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को कलेक्टर आदित्य सिंह ने कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- सीहोर जिले में उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत जिले के सभी ब्लाको में 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों का घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है।

----------